# किल कोरोना अभियान 8 स्थानों पर सहायता केंद्र

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

16-5-21

किल कोरोना अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। इसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, दिलीप नगर डिस्पेंसरी, मोती नगर प्राथमिक स्कूल, हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर, रेडक्रॉस भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं. 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## अगर आपको ये तकलीफ है तो लें मदद

कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी/ के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार आदि लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिक पर रेफरल का कार्य किया जाएगा। किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द्र पर संपर्क करें।

दबंग दुनिया

16-5-2021

# संक्रमण रोकने 3 दिन में 41 कंटेनमेंट जोन बनाए

## विवाद के बाद एसडीएम ने की सख्ती

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

16-5-2021

जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए अब तेजी से कंटेनमेंट बनाने की कवायद फिर से शुरू कर दी गई है। शहर ही नहीं बल्कि गांवों में भी तेजी से कंटेनमेंट बन रहे हैं जिससे संक्रमितों से फैलाव काफी हद तक रुक रहा है।

कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है, उस क्षेत्र को कन्टेनमेंट बनाया जा रहा है। अब तक 41 कन्टेनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12, 13 व 14 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, थावरिया बाजार, वेदव्यास कॉलोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट व खटीक मोहल्ला में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है। इस तरह 3 दिवस में 41 कन्टेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।



### कंटेनमेंट बनवाने में विवाद के बाद हुई सख्ती

शुक्रवार रात को शहर के सिलावटो का वास में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद क्षेत्र को कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ क्षेत्रवासियो की गंभीर बहस हो गई। इस दौरान नायब तहसीलदार नवीन गर्ग समेत निगम अधिकारियो ने कंटेनमेंट का विरोध कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी रहवासी अधिकारियो की बात मानने के लिए तैयार नही हुआ। शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत सिंह चौहान मौके पर पहुंचे तो एसडीएम ने भीड़ के रूप में खड़े रहवासियों को सख्ती से अपने-अपने घरो में जाने के निर्देश दिये। क्षेत्रवासी जब वहीं अड़े रहे तो एसडीएम को लाठी लेकर मोर्चा संभालना पड़ा। एसडीएम के सख्त रवैये को देखते हुए सभी क्षेत्रवासी अपने -अपने घर में लौट गये। जिसके बाद निगम द्वारा क्षेत्र में कंटेनमेंट का कार्य किया गया। इस दौरान सीएसपी हेमंत सिंह चौहान ने क्षेत्र के लोगो को कंटेनमेंट क्षेत्र में ना घूमने की सलाह देते हुए सख्त निर्देश दिए।

### कंटेनमेंट तोड़ने वालों पर कार्रवाई करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में निर्मित कंटेनमेंट क्षेत्रों उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि जिन स्थानों पर कंटेनमेंट क्षेत्रों का निर्माण किया गया है, उन क्षेत्रों के भीतर निवासरत नागरिक उनका उल्लंघन न करें। सभी निर्देशों का पालन करें। यदि किसी तरह का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

दबंग दुनिया।
16-5-2021

# रतलाम में 369 मरीज ठीक होकर घर पहुंचे

रतलाम | हमारे जिले में कोरोना संक्रमण अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। कुछ दिन पहले तक जहां नए मरीजों की संख्या ज्यादा थी, अब ठीक होने वाले मरीजों की संख्या नए पॉजिटिव से ज्यादा है। शनिवार को 244 नए पॉजिटिव मिले हैं, अच्छी बात यह है कि 369 मरीज ठीक होकर अपने घर भी पहुंचे। इधर, जिले में 4 लोगों की मृत्यु हो गई। जिले में रतलाम के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी कोरोना संक्रमित सामने आ रहे हैं। हालांकि 8 दिन से नए पॉजिटिव मिलने की संख्या लगातार कम हो रही है। 8 मई को 398 मरीज सामने आए थे, इसके बाद से ही नए संक्रमित का ग्राफ लगातार कम हो रहा है। शनिवार की रिपोर्ट में दो 6 साल के बच्चे और एक 3 साल का बच्चा भी शामिल है। जिले में अब कुल कोरोना पॉजिटिव 15844 हो गए हैं।

दै. भास्कर
16-5-2021

**स्वास्थ्य सुविधा** — हेल्पलाइन नंबर 074121075 से भी मिलेगी मदद, अब परेशानी में नहीं करना पड़ेगी भागदौड़

# घर बैठे फोन पर विशेषज्ञ डाक्टरों से मिलेगा निशुल्क उपचार

16-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार संबंधी सेवाओं के लिए अब अस्पताल आने की जरूरत नहीं है, वे फोन पर ही उपचार परामर्श निशुल्क ले सकेंगे। अलग-अलग बीमारियों में मरीजों को आनलाइन निशुल्क उपचार देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 074121075 जारी किया गया है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों के सहयोग से निशुल्क आनलाइन उपचार सेवा सुलभ हो गई है।



### कंसल्टेशन फिजिशियन

- सुबह की शिफ्ट में डा. अभय ओहरी 9826062656 सुबह नौ से शाम छह बजे तक, डा. राजेश शर्मा 9993825555 (केवल वाट्सएप पर), डा. प्रदीप कोठारी 9425103639 डायबिटीज स्पेशलिस्ट सुबह 10 से 11 तक। दोपहर की शिफ्ट में डा. जयंत सूबेदार 9425103822 व डा. सुरेंद्र जैन 9893203214 दोपहर दो से चार बजे तक, डा. गायत्री तिवारी 9752106185 दोपहर तीन से पांच बजे तक। शाम की शिफ्ट में डा. अजय जैन 9329310360 शाम छह से आठ बजे तक, डा. आइरम मेहता 9424084836 व डा. कीर्ति शाह 9425104210 शाम चार से छह बजे तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधी विशेषज्ञ**

- डॉ. लीला जोशी 9425935710 सुबह 11 से एक बजे तक सेवाएं प्रदान करेंगी। दोपहर की शिफ्ट में डा. प्रतिभा दीक्षित 6262306646 दोपहर 12 से चार बजे तक, डा. सुनीता वाधवानी 07412247 1819 दोपहर तीन से पांच बजे तक, डा. अंजुम सैयद 9993067864 शाम पांच से छह बजे तक निशुल्क सेवाएं देंगी। शाम की शिफ्ट में डा. मनीषा माहेश्वरी 9425423822 शाम छह से सात बजे तक, डा. मंजुसिंह 9302112234 शाम पांच से सात बजे तक, डा. डाली मेहरा 9425103213 शाम को छह से आठ बजे तक निशुल्क आनलाइन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगी।

**जनरल सर्जरी संबंधी सेवा**

- डा. अभि मेहरा 9827015988 सुबह 10 से एक बजे, डा. देवेंद्र चौहान 9993220110 सुबह 11 से शाम सात बजे तक, डा. बीएल तापड़िया 9329399393 दोपहर एक से तीन बजे तक, डा. विक्रम मुआल्दे शिशु रोग सर्जन लेप्रेस्कोपी 9407092401 दोपहर तीन से पांच बजे तक, डा. वीएस चौहान 9423529183 शाम चार से छह बजे तक।

**शिशु एवं बाल रोग संबंधी सेवा**

- डा. देवेंद्र चौहान 6262629333 सुबह नौ से 11 तक, डा. नमन जैन 9039808599 सुबह 11 से छह बजे तक, डा. रोहन चौपड़ा 8989912222 शाम चार से पांच बजे तक, डा. अभय चौपड़ा 9425124780 शाम छह से आठ बजे तक।

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**

- डा. प्रगति चौधरी 975119696 सुबह नौ से 11, डा. दीप व्यास 9425354995 सुबह आठ से शाम आठ बजे तक।



**अस्थि रोग विशेषज्ञ**

- डा. विपिन माहेश्वरी 9425103811 सुबह 10 से 11 एवं दोपहर एक से दो बजे तथा डा. चेतन्य खंडेलवाल 9425247236 शाम छह से आठ बजे तक।

**कान-नाक-गला रोग**

- डा. अनिल वाजपेयी 9425104008 सुबह 10 से 11 बजे, डा. अरुण पुरोहित 9827003030 शाम पांच बजे से सात बजे तक।

**मनोरोग विशेषज्ञ**

- डा. निर्मल जैन 9424021474 सुबह 10 से 12 बजे तक,

**दर्द रोग विशेषज्ञ**

- डा. गौरव यादव 8349058785 दोपहर दो से पांच बजे तक।

पैथोलाजिस्ट डा. एसके लिखार 9039865825 दोपहर दो से पांच बजे तक।

**दंत रोग विशेषज्ञ**

- डा. हर्षित राठौर 9424047698 सुबह 10 से 11, डा. विनोद पाटीदार 8602376762 सुबह 11:30 से एक बजे तक, डा. शुभम जैन 9827719789 सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक, डा. रिषभ जैन 9111129118 सुबह 11 से छह बजे तक, डा. आरपी सिंह 9893680466 शाम चार से सात बजे तक।

नई दुनिया
16-5-2021

# एक सप्ताह से पाजिटिव केस घटे, स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ा

## संकटकाल में राहत ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आगमन के बाद कई व्यवस्थाओं में हो रहा सुधार

16-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद भी हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए कोरोना पाजिटिव केस सामने आ रहे हैं। हालांकि नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के जिले की कमान संभालने के बाद से कई प्रकार की व्यवस्थाओं में सुधार आया है। इससे राहत की बात यह है कि नए पाजिटिव केसों के आंकड़े में कमी आई है, वहीं स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। मई के शुरुआती सप्ताह में जहां हर दिन 300 से अधिक नए पाजिटिव केस सामने आ रहे थे, वहीं दूसरे सप्ताह में हर दिन कमी आ रही है।

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ने देश-प्रदेश के साथ जिलेवासियों के दिन का चैन और रातों की नींद खराब कर दी है। थोड़े-थोड़े अंतराल में सड़कों पर सायरन बजाती हुई फर्राटे से गुजरती एंबुलेंस से हर किसी की चिंता बढ़ जाती है। अप्रैल के बाद मई की शुरुआत भी चिंताजनक रही। अप्रैल के अंतिम पखवाड़े में जहां हर दिन 200 से अधिक नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं मई में आंकड़ा बढ़कर 300 के पार पहुंच गया। जिले में कोरोना की स्थिति को बेकाबू होते देख राज्य शासन द्वारा सात मई को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के स्थान पर कुमार पुरुषोत्तम को जिले की कमान सौंपी गई।

नवागत कलेक्टर ने नौ मई को जिले की कमान संभालते हुए कई व्यवस्थाओं में बदलाव किया। इससे अब धीरे-धीरे स्थिति नियंत्रण में आते दिख रही है। आठ मई को पहली बार सर्वाधिक 398 पाजिटिव केस सामने आए थे। इसके बाद से लगातार पाजिटिव केस की संख्या घट रही है। एक से पांच मई तक संक्रमण की दर 27 प्रतिशत से अधिक रही। पांच से दस मई तक संक्रमण की दर 28 फीसद और दस से पंद्रह मई तक संक्रमण की दर 18 फीसद से ज्यादा रही।

### 15 वें दिन 244 नए पाजिटिव और चार की मौत

मई माह के 15वें दिन शनिवार को 244 नए पाजिटिव केस सामने आए। चार की मौत हुई। 369 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3592 है। जिले में अब तक 15844 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 11989 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 263 पर पहुंच गया है।

**369** मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे

**3592** एक्टिव मरीजों की संख्या

### मई 2021 में कोरोना वायरस के संक्रमण की चाल पर नजर

(13)

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|
| 1 मई | 325 | 306 | 5 | 1815 |
| 2 | 345 | 293 | 1 | 1866 |
| 3 | 355 | 329 | 5 | 1887 |
| 4 | 308 | 228 | 5 | 1956 |
| 5 | 385 | 316 | 5 | 2020 |
| 6 | 380 | 050 | 4 | 2346 |
| 7 | 379 | 020 | 4 | 2701 |
| 8 | 398 | 055 | 6 | 3038 |
| 9 | 360 | 039 | 5 | 3354 |
| 10 | 350 | 078 | 5 | 3621 |
| 11 | 330 | 215 | 5 | 3736 |
| 12 | 305 | 314 | 5 | 3722 |
| 13 | 298 | 282 | 6 | 3732 |
| 14 | 270 | 277 | 4 | 3721 |





कोरोना से बचाव का एकमात्र रास्ता यह है कि सभी लोग मास्क पहनें और आपस में कम से कम छह फीट की दूरी बनाए रखें। सावधानी ही बचाव का सशक्त माध्यम है। शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का पालन करें। नंबर आने पर तुरंत कोरोना का टीका लगवाएं।
– **सुमित मोदी**, व्यवसायी, खिड़की दरवाजा जावरा



कोरोना महामारी का कहर बढ़ता जा रहा है। जरा-सी लापरवाही भारी पड़ रही है। नियमित योग प्राणायाम करें। टीका लगने के बाद भी अनिवार्य रूप से मास्क पहनें और शारीरिक दूरी का पालन करें। महामारी से बचाव के लिए शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का पालन करना भी जरूरी है।
– **चारु श्रोत्रिय**, शिक्षिका, मुगलपुरा जावरा



18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण का कार्य जिला स्तर पर प्रारंभ हो चुका है, लेकिन तहसील व ग्रामीण स्तर पर टीकाकरण को लेकर कोई सूचना नहीं है। अभी मास्क ही सबसे बड़ा हथियार है, जो इस महामारी को फैलने से रोक सकता है। सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। घर पर रहें-सुरक्षित रहें।
– **शैलेष कोठेड़**, व्यवसायी, नीमचौक



कोरोना महामारी पर नियंत्रण करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों को मिलकर तेजी से सभी लोगों को शीघ्र वैक्सीन लगाने के प्रयास करना होंगे। यदि आपको बुखार, कफ, खांसी, अचानक स्वाद या गंध महसूस न होना, गले में खराश, सांस की तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दें तो अस्पताल जाकर जांच करवाएं। – **राहुल चपड़ोद**, सचिव, लायंस क्लब जावरा



कोरोना की दूसरी लहर पहली से ज्यादा घातक है। सावधानियां बहुत जरूरी है। मेरा विशेषकर ग्रामीणजनों से निवेदन है अंधविश्वास और भ्रामक बातों में न आएं। लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। कोरोना को प्राथमिक स्तर पर जागरूकता से ही ठीक किया जा सकता है। – **कैलाशचंद्र चौपड़ा**, प्रधानाध्यापक, ताल

## शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एंबुलेंस का किराया तय




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमित मरीजों के परिवहन के लिए निजी एंबुलेंस की दरें शासन द्वारा निर्धारित की गई हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने धारा 144 के तहत एंबुलेंस की किराया दरों को प्रभावशील किया है। निर्धारित दरों से अधिक किराया लिया जाना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1860 की धारा 188 तथा डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के प्रविधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### इस तरह रहेगा किराया

- **एएलएस एंबुलेंस**: शहरी क्षेत्र में प्रथम 10 किमी के लिए पांच सौ व उसके बाद 25 रुपये प्रति किमी।
- ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम 20 किलोमीटर के लिए आठ सौ व उसके बाद 25 रुपये प्रति किमी।
- बीएलएस एंबुलेंस: शहरी क्षेत्र में प्रथम दस किमी के 250 व उसके पश्चात 20 रुपये प्रति किलोमीटर।
- ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम 20 किमी के पांच सौ व उसके पश्चात 20 रुपये प्रति किलोमीटर।

नई दुनिया 16-5-2021

(6)

## पुलिस ने की कार्रवाई, 7 को भेजा खुली जेल

# काटजू नगर में तीन परिवार संक्रमित, बनाया बड़ा कंटेनमेंट



रतलाम. जावरा में कोरोना संक्रमण का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। आरटीपीसीआर की रिपोर्ट में 15 संक्रमित मिले। वहीं शनिवार को करीब 4 लोगों की उपचार के दौरान मौत हुई है। सिविल हास्पीटल जावरा पर उपचार के दौरान दुर्गाबाई पति राधेश्याम मालवीय निवासी करिया, कुशालकुंवर पति विजयसिंह निवास कोठड़ी, लालसिंह पिता नागुसिंह निवासी रेवास, भागीरथ पिता वरदा बोस निवासी बछोड़िया का कोरोना प्रोटोकॉल के साथ आनंदी हनुमान पर दाह संस्कार किया गया।

दो दिन के त्यौहार के बाद शनिवार को पुनः पुलिस ने शहर में सख्ती जारी रखी। शनिवार को शहर में लॉकडाउन के दौरान बैवजह घुमते पाए जाने वाले 7 लोगों को खुली जैल भेजा गया। वहीं 4 लोगों पर चालानी कार्रवाई भी की। शहर थाना प्रभारी व्हीडी जोशी ने बताया कि शनिवार को शहर में बैवजह घुमते पाए जाने पर राहुल पिता सुभाषचन्द्र बरैया निवासी नृसिंहपुरा, मुन्नवर पिता मोहम्मद अनवर निवासी महारपुरा, राहुल पिता नंदकिशोर राठौर निवासी स्टेशन रोड, तेजपाल पिता सीताराम निवासी बिल्लाखेड़ा, राजु पिता देवचंद निनामा निवासी सरवन, रमेश पिता छोगालाल मईड़ा निवासी सरवन, अयाज पिता ईस्माईल पटेल निवासी गाड़ीखाना को खुली जेल भेजा गया। वहीं चार चालान बनाते हुए 1200 रुपए की वसुली की। पत्रिका

पत्रिका 16-5-2021

## कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ हुई क्षेत्रवासियो की बहस, एसडीएम को लाठी लेकर संभालना पड़ा मोर्चा

रतलाम। कोविड- 19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कन्टेनमेंट झोन बनाया जा रहा है। वही शहर के एक क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ क्षेत्रवासियो की बहस हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहर के सिलावटों का वास में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद क्षेत्र को कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ क्षेत्रवासियो की गंभीर बहस हो गई। इस दौरान नायब तहसीलदार नवीन गर्ग समेत निगम अधिकारियो ने कंटेनमेंट का विरोध कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी रहवासी अधिकारियो की बात मानने के लिए तैयार नही हुआ क्षेत्र के लोगो का कहना था कि अधिकारी केवल संक्रमित के घर को ही कंटेनमेंट करे। मामले की सूचना मिलते ही शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने भीड़ के रूप में खड़े रहवासियों को सख्ती से अपने-अपने घरो में जाने के निर्देश दिये। लेकिन क्षेत्रवासी अपनी बात पर अड़े रहे। जिसके बाद स्वयं शहर एसडीएम को लाठी लेकर मोर्चा संभाला पड़ा। एसडीएम के सख्त रवैये को देखते हुए सभी क्षेत्रवासी अपने-अपने घर में लौट गये। जिसके बाद निगम द्वारा क्षेत्र में कंटेनमेंट का कार्य किया गया। इस दौरान सीएसपी हेमंत सिंह चौहान ने क्षेत्र के लोगो को कंटेनमेंट क्षेत्र में ना घुमने की सलाह देते हुए सख्त निर्देश दिए।

इन्दौर समाचार 16-5-2021

## कंटेनमेंट क्षेत्रों में सख्ती बढ़ाई तो किया विरोध

रतलाम। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक रतलाम कुमार पुरुषोतम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, वहां कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। वहीं शहर के एक क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ क्षेत्रवासियों की बहस हो गई।

शहर के सिलावटों का वास में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद क्षेत्र को कंटेनमेंट करने पहुंची टीम के साथ क्षेत्रवासियो की गंभीर बहस हो गई। इस दौरान नायब तहसीलदार नवीन गर्ग समेत निगम अधिकारियो ने कंटेनमेंट का विरोध कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी रहवासी अधिकारियों की बात मानने के लिए तैयार नहीं हुआ। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि अधिकारी केवल संक्रमित के घर को ही कंटेनमेंट करें। मामले की सूचना मिलते ही शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने भीड़ के रूप में खड़े रहवासियों को सख्ती से अपने-अपने घरों में जाने के निर्देश दिए। लेकिन क्षेत्रवासी अपनी बात पर अड़े रहे। इसके बाद स्वयं शहर एसडीएम को लाठी लेकर मोर्चा संभाला पड़ा। एसडीएम के सख्त रवैये को देखते हुए सभी क्षेत्रवासी अपने-अपने घर में लौट गये। जिसके बाद निगम द्वारा क्षेत्र में कंटेनमेंट का कार्य किया गया।

प्रजातंत्र 16-5-2021

## तेजानगर व ब्राह्मणों का वास में कंटेनमेंट तोड़े

भास्कर संवाददाता | रतलाम

16-5-21

कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए प्रभावित लोगों के क्षेत्र को कंटेनमेंट एरिया बनाकर आने-जाने से रोका जा रहा है परंतु कंटेनमेंट बनाने से रोकने और कंटेनमेंट एरिया तोड़ने की घटनाएं हो रही हैं। तेजा नगर और ब्राह्मणों का वास में कंटेनमेंट तोड़ने की दो घटनाओं में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने माणकचौक थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है।

थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया एक से अधिक घर में कोरोना संक्रमित मिलने पर माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जा रहे हैं। 11 मई को ब्राह्मणों का वास में मकान नंबर 17 से 37 तथा 40 से 54 वाली गली तथा तेजा नगर ब्लॉक-2 में गली नंबर 5 में मकान नंबर 50 से 58 और 61 से 67 तक की गली को माइक्रो कंटेनमेंट बनाया गया था। कंटेनमेंट एरिया के बैरिकेडिंग टूटे मिलने पर प्रकरण दर्ज किया है। क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरे देखकर पता लगाएंगे कि कंटेनमेंट तोड़कर कौन बाहर निकला है।

दै. भास्कर 16-5-2021

## खाद्यान्न पर्ची हेतु 1 हजार 152 ने जमा कराये आवेदन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्चीविहीन/छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने हेतु 14 मई को नागरिकों ने निगम के झोन क्रमांक 1 पर 70, झोन क्रमांक 2 पर 13, झोन क्रमांक 3 पर 80 व झोन क्रमांक 4 पर 90 व 15 मई को नागरिकों ने निगम के झोन क्रमांक 1 पर 126, झोन क्रमांक 2 पर 188, झोन क्रमांक 3 पर 350 व झोन क्रमांक 4 पर 235 इस तरह दो दिवस में कुल 1152 आवेदन जमा कराये। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि खाद्यान्न पर्ची के लिए आवेदन आमंत्रित की गए हैं। अलग-अलग झोन से नागरिकों के लगभग 1 हजार 152 आवेदन अभी तक प्राप्त हुए हैं। नगर निगम द्वारा प्राप्त आवेदनों के पात्र परिवारों के सत्यापन की कार्यवाही राशन-मित्र पोर्टल पर प्रारंभ कर दी गई है।

16-5-2021

**जोन पर जाकर हो रही परेशानी, चक्कर काट हो रहे परेशान**

# राशन के लिए बढ़ी परेशानी : फोटोकॉपी दुकान बंद, राशन के लिए पर्ची नहीं दे रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शासन ने लॉकडाउन में पात्र परिवार को दो माह का अग्रिम पांच किलो राशन प्रति व्यक्ति देने का निर्णय लिया है। इस राशन के लिए नगर निगम के चार झोन से पर्ची दी जाएगी। पर्ची के लिए आधार कार्ड व समग्र आईडी की फोटोकॉपी जरूरी है। अब जिले में अधिकांश परिवार के पास फोटोकॉपी नहीं है व इनकी दुकानें बंद है। ऐसे में लोग असल कॉपी लेकर जा रहे है। इसके बाद राशन की दुकानों से राशन देने से इंकार किया जा रहा है।

कोविड महामारी के दौरान पात्र परिवारो को राज्य सरकार द्वारा पांच किलो प्रति व्यक्ति निशुल्क खाद्यान्न तीन महीने तक प्रदाय किया जायेगा। अगर किसी के पास राशन कार्ड नही है तब उनको समग्र आइडी के माध्यम से खाद्यान्न मिलेगा। इस हेतु पात्र व्यक्ति को अपने मोहल्ले के नगर निगम के जोन कार्यालय से परची जारी करना होगी। इस परची के आधार पर तीन महीने पांच किलो प्रति व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा तथा पांच किलो प्रति राशन कार्ड दो माह तक केन्द्र सरकार द्वारा निशुल्क खाधान्न दिया जायेगा। इस योजना के लिए नगर निगम ने अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल के जोन में विनयसिंह चौहान को, अंबेडकर मांगलिक भवन में पर्वत हाड़े को, अमृतसागर जोन में किरण चौहान को व हरमाला संपवेल के जोन के लिए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को प्रभारी बनाया है।

### यह आ रही समस्या

असल में राशन लेने के लिए नगर निगम के जोन से दी जाने वाली पर्ची जरूरी है। इस पर्ची के लिए राशन कार्ड जरूरी है। राशन कार्ड नहीं है तो आधार कार्ड व समग्र आईडी की फोटो कॉपी देना जरूरी है। अब समस्या यह आ रही है कि जोन पर लोग जा तो रहे है, लेकिन पर्ची के लिए जरूरी दस्तावेज की असल कॉपी होने के बाद अगर फोटो कॉपी नहीं है तो उनको पर्ची नहीं दी जा रही है। ऐसे में राशन इन प्रकार के लोग को नहीं मिल पा रहा है। अब इन लोगों के सामने समस्या यह है कि लॉकडाउन में फोटोकॉपी की दुकानें बंद है तो वे जरूरी पर्ची के लिए दस्तावेज की फोटोकॉपी कैसे करवाएं।

### वापस लौटा दिया गया

शासन द्वारा अग्रिम राशन देने की जो कृपा की गई है, उसको लेने गए थे। अंबेडकर जोन पर कहा गया पर्ची के लिए दस्तावेज की फोटोकॉपी जरूरी है। अभी सभी दुकान बंद है तो फोटोकॉपी किस तरह करवाएं, इसलिए वापस आ गए। - **बबलू खान**, महावीर नगर

### नियम में छूट दी जाएगी

इस मामले में जानकारी मिली है। नियम में छूट दी जाए, इसके लिए आदेश जारी किए जाएंगे। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम । रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 14 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भेरून की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, आमलिया भेरू, काटजू नगर, कोविड सहायता केन्द्र सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।

नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

अग्निशिखा
16-5-2021

**लॉकडाउन की मार, व्यापार बेजार** • ग्रामीण क्षेत्र से आपूर्ति का समय ध्यान रखने में चूका प्रशासन

# प्रशासन ने दी सुविधा : दूध, किराना, मेडिकल कारोबारियों की बनी दुविधा, ग्राहकी बिगड़ी

## जिला प्रशासन का दिया समय व्यापारियों को नहीं आ रहा रास

भास्कर संवाददाता | रतलाम

16-5-21

जिला प्रशासन ने कारोबार के छूट के नाम पर जो सहूलियतें दी हैं वह व्यापारियों के लिए परेशानी बन गई हैं। मसलन घर-घर जाकर दूध बांटने का समय शाम 4 से 7 बजे तक निर्धारित किया है। जबकि गाय और भैंस का दूध निकलना ही शाम 4 बजे बाद से शुरू होता है व शाम 5.30 बज जाती है। इससे दूध विक्रेताओं को दूध बांटने के लिए डेढ़ घंटा ही मिल रहा।

ग्रामीण क्षेत्रों में किराना सामान की किल्लत ना आए इसके लिए थोक किराना बाजार खुलने का समय सुबह 6 बजे 11 बजे तक तय किया है। जबकि गांव से व्यापारी ही सुबह 8 बजे तक आ रहे हैं।

### दूध : शाम 5:30 बजे मिलता है, डेढ़ घंटे में कैसे बांटें



जिला प्रशासन ने दूध वितरण का समय सुबह 6 से 9 बजे तक एवं शाम 4 से 7 बजे तक का निर्धारित किया है। शाम को गाय और भैंस का दूध निकलना ही 4 बजे बाद से शुरू होता है और यह शहर तक 5.30 बजे तक आता है। दूध विक्रेताओं को महज 1.30 घंटे का ही समय मिल पा रहा है। दूध विक्रेता संघ के मुरलीधर गुर्जर ने बताया जिनकी ज्यादा बंदियां हैं उनकी तो मुसीबत ही हो गई। समय बढ़ाकर साढ़े आठ बजे तक किया जाए।

### दवाई : डॉक्टर से चेकअप के बाद स्टोर हो जाते हैं बंद



आदेश में मेडिकल स्टोर्स खुलने का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया। जबकि क्लिनिक सुबह एवं शाम को खुल रहे हैं। इसके बाद कोई डॉक्टर दवाई लिखे तो लोगों को दवाइयों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों को जिला अस्पताल के आसपास के मेडिकल स्टोर्स दवाई लेने के लिए पहुंचना पड़ रहा है। यदि सुबह एवं शाम को मेडिकल स्टोर्स खुले तो राहत मिल सके। यह समय होने से दवाई मिलने में भी किस तरह की परेशानी नहीं होगी।

### किराना : गांव से व्यापारी ही सुबह 8 बजे आ रहे



लॉकडाउन में किराना की होम डिलीवरी के साथ ही ग्रामीण व्यापारियों को माल देने के लिए सुबह 6 से 11 बजे तक दुकानें खोलने के आदेश जारी किए हैं लेकिन गांव से व्यापारी सुबह 8 बजे तक बाजार में आते हैं। ऐसे में महज तीन घंटे ही कारोबार हो रहा है व भीड़ लग रही है जबकि यह समय सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक होना चाहिए। थोक किराना व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया दुकानें खुलने का समय सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक होना चाहिए।

### परिवहन : कमाई 40 की और डीजल 91 रुपए का



सोशल डिस्टेंसिंग को देखते हुए जिला प्रशासन ने दो सवारी के साथ मैजिक चलाने की छूट दी है। स्टेशन से बाजना बस स्टैंड तक के 10 रुपए प्रति सवारी है। इससे दो सवारी के 20 रुपए मिलेंगे। वहीं बाजना बस स्टैंड से वापस स्टेशन तक 20 रुपए ही किराया आएगा। आने जाने का एक लीटर डीजल खर्च होता है। यानी 40 रुपए कमाई होगी और 91 रुपए का डीजल लग जाएगा। मैजिक-टेम्पो यूनियन के संरक्षक राजकुमार जैन लाला ने बताया यह फायदे का सौदा नहीं है।

### ये कारोबार सवा महीने से बंद

दूध, किराना, मेडिकल स्टोर्स, फल और सब्जियों को तो लॉकडाउन में भी कारोबार की छूट मिल गई है, लेकिन सोना, चांदी, कपड़ा, साड़ी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल शोरूम सहित अन्य दुकानें सवा महीने (9 अप्रैल) से बंद हैं। ऐसे में इन सेक्टर से जुड़े लोग भी अब दुकानें खोलने की मांग करने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि हमने क्या बिगाड़ा है जो हमारी दुकानें सवा महीने से ज्यादा समय से बंद कर रखी हैं। जबकि अन्य दुकानें तो सवा महीने से चल रही हैं। हमें भी कारोबार की छूट दी जाए। भले ही सप्ताह में तीन दिन खोलने की छूट दी जाए।

दै. भास्कर
16 5-2021

(8)

# ब्लैक फंगस मरीजों के लिए अभी से बना दें 20 बेड का वार्ड

## शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर दिए निर्देश

रतलाम। मेडिकल कालेज में आने वाले प्रत्येक मरीज की पूरी देखभाल हो तथा मरीज के स्वजनों को भी संतोषप्रद जवाब मिले। इससे हमारी व्यवस्था बेहतर होगी तथा मरीजों तथा उनके स्वजनों को मनोवैज्ञानिक रूप से भी सहारा मिलेगा। यह निर्देश प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने शनिवार को शासकीय मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दिए।

इस दौरान जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, मनोहर पोरवाल, एडीएम जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन सहित संबंधित अमला मौजूद था।

डा. यादव ने कहा कि ब्लैक फंगस की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मेडिकल कालेज में 20 बेड का वार्ड अभी से बनाकर ईएनटी स्पेशलिस्ट को प्रभारी बना दें, ताकि किसी मरीज में ऐसे लक्षण पाए जाते ही उनके तुरंत इलाज की व्यवस्था की जा सके।



शासकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते हुए जिला कोविड प्रभारी मंत्री डा. मोहन यादव आदि। • नईदुनिया 16-5-21

सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने इस दौरान सिविल हास्पिटल की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन अगले कुछ दिनों में शुरू हो सकती है। जिला अस्पताल में 83 आक्सीजन बेड हैं, जिनमें 45 एक्टिव हैं। यहां वेंटीलेटर भी हैं तथा इसे संचालित करने के लिए ट्रेन स्टाफ भी है।

### मरीजों को फल व हल्दी वाला दूध भी दें

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने मेडिकल कालेज में मरीजों के लिए निर्धारित बेड प्लान, डाइट प्लान संबंधी जानकारी दी। मंत्री डा. यादव ने कहा कि मरीजों को हल्दी का दूध, फल भी निरंतर दिया जाए। यदि मरीजों को भोजन के साथ बदल-बदल कर पौष्टिक विशिष्ट व्यंजन भी आवश्यक हो तो दिए जा सकते हैं।

दैनिक भास्कर 16-5-2021

**सुविधा** • शुरुआती लक्षण मिलते ही यहां पर इलाज शुरू किया जाएगा

# मेडिकल कॉलेज में ब्लैक फंगस के लिए 20 बेड का वार्ड बनेगा

## रतलाम आए कोविड प्रभारी मंत्री, बोले - कॉलेज में आने वाले हर मरीज को उपचार मिले, परिजन को संतोषप्रद जवाब मिलना चाहिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

16-5-2021

प्रदेश में ब्लैक फंगस इंफेक्शन के मामले आना शुरू हो गए हैं, रतलाम में भी ऐसे मरीज मिलने की आशंका बनी है। यदि ऐसा कोई भी मरीज सामने आता है तो शुरुआती लक्षण में ही उसका इलाज शुरू हो सके, इसलिए मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का अलग वार्ड बनाया जाएगा। यह वार्ड ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए ही रहेगा। ईएनटी स्पेशलिस्ट इस वार्ड के इनचार्ज रहेंगे।

शनिवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री और कोविड प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव रतलाम आए। वे रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचे, यहां मरीजों की सुविधाओं के साथ ही ब्लैक फंगस इंफेक्शन पर उनका विशेष जोर रहा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले हर मरीज को उपचार मिलना चाहिए। मरीज की पूरी देखभाल हो, परिजन को संतोषप्रद जवाब मिले, हमारी व्यवस्था बेहतर होगी तो मरीजों और उनके परिजनों को मनोवैज्ञानिक रूप से सहारा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कॉलेज में मैन पॉवर बढ़ाने के लिए शासन स्तर से प्रयास हो रहे हैं। इस दौरान जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह



मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री।

### बदल-बदलकर पौष्टिक व्यंजन देना चाहिए

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने स्टाफ की जानकारी दी। उन्होंने मरीजों के लिए निर्धारित बेड प्लान, डाइट प्लान की भी जानकारी दी। मंत्री डॉ. यादव ने विशिष्ट व्यंजन भी दिए जाने जरूरी हो तो वह भी दो, ताकि उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से भी ऐसा महसूस न हो कि वे मरीज हैं। सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर

वीसी से की समीक्षा, 90 आक्सीजन कंसंट्रेटर देंगे

# सात दिन में सीएम ने तीसरी बार जाने जिले के हालात

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण से बिगड़े हालात पर अब मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सीधे नजर रख रहे हैं। गत सात दिनों में ही तीसरी बार रविवार को मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर रतलाम में उपचार व संक्रमण रोकने के इंतजामों की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की। कोर ग्रुप से चर्चा में सीएम ने समीक्षा में साफ किया कि सामूहिक प्रयासों व अच्छे उपचार से ही संक्रमण की दर कम की जा सकती है। इसमें कोताही न बरतें।

मालूम हो कि संक्रमण अधिक होने पर नाराज हुए सीएम ने सात मई को कलेक्टर का तबादला कर दिया था। इसके बाद वीसी में एसपी गौरव तिवारी से भी सख्ती नहीं किए जाने को लेकर सवाल किए थे। अब स्वास्थ्य सहित अन्य प्रमुख जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को लेकर भी सीएम कड़े निर्णय ले सकते हैं। इसी के चलते तीन दिन में दूसरी बार जिला कोविड प्रभारी मंत्री के तौर पर उच्च शिक्षामंत्री डा. मोहन यादव रतलाम पहुंचे और कोर वीसी में शामिल हुए।

सीएम ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में और अधिक प्रयास कर संक्रमण की दर को कम किया जाए। इस दौरान एसीएस मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि रतलाम जिले को 90 आक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए जा रहे हैं। रतलाम एनआइसी कक्ष में उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा मौजूद थे।



**जिले में बढ़ाए जाएंगे 225 बेड**

सीएम ने जावरा, ताल, आलोट, सैलाना, नामली, पिपलौदा में किए गए उपचार के इंतजामों की क्रमवार जानकारी ली। उच्च शिक्षा मंत्री डा. यादव ने बताया कि मेडिकल कालेज में 100 आक्सीजन बेड तथा 225 के लगभग बेड अन्य सेंटर पर बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं। विधायक काश्यप ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन की कमी को शीघ्र दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने आक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या में भी वृद्धि करने को कहा।

**जावरा में जनसहयोग से जुटाए 90 लाख**

जावरा विधायक डा. पांडे ने इस दौरान बताया कि जावरा में 90 लाख रुपये की राशि जनसहयोग से एकत्रित की गई है। यहां शीघ्र ही आक्सीजन प्लांट स्थापित कर 60 आक्सीजन बेड बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने पिपलौदा, बाजना, नामली एवं अन्य क्षेत्रों में दस-दस कंसंट्रेटर प्रदान करने का आग्रह किया। रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने बताया कि ग्रामीण अंचल में स्थिति में सुधार हो रहा है।

---

**वीसी** • सीएम-सब प्रयास करें तो रतलाम में पॉजिटिव दर घट सकती है

# रतलाम को मिलेंगे 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मेडिकल में 100 और अन्य सेंटरों में 225 बेड बढ़ सकते हैं

## शहर विधायक ने कहा - सीटी स्कैन मशीन की कमी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम को जल्द ही 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मिल जाएंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेज में भी 100 बेड और अन्य सेंटरों में 225 बेड बढ़ सकते हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जिले की स्थितियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की, इसमें यह बात सामने आई है। इधर, विधायक चेतन्य काश्यप ने सीटी स्कैन मशीन की कमी की बात कही है।

स्थिति की वीसी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कोरोना कर्फ्यू का पूरी तरह पालन करवाते हुए सभी के प्रयास व बेहतर उपचार व्यवस्था से रतलाम में पॉजिटिव दर कम हो सकती है। इसके लिए सभी प्रयास करें। ज्यादा प्रयास कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण दर को कम किया जाए। इस दौरान एसीएस मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि रतलाम जिले को 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज व अन्य संस्थाओं में ऑक्सीजन बेड की संख्या को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 100 ऑक्सीजन बेड जीएमसी और 225 के

### जावरा में जल्द लगेगा ऑक्सीजन प्लांट

इधर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा रतलाम मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की कमी है, इस कमी को जल्द दूर करने की जरूरत है। सिटी स्कैन मशीन शुरू होने से मरीजों को सहायता मिलेगी। उन्होंने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या में भी आवश्यकता अनुसार वृद्धि करने को कहा। विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने बताया जावरा में 90 लाख रुपए की राशि जनसहयोग से एकत्रित की है। यहां शीघ्र ही ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की जाएगी व 60 ऑक्सीजन बेड बढ़ाए जाएंगे। इस व्यवस्था से होम आइसोलेट मरीजों को भी ऑक्सीजन की रिफिलिंग संभव हो सकेगी। उन्होंने पिपलौदा, बाजना, नामली व अन्य क्षेत्रों में 10-10 कंसंट्रेटर देने का कहा।

(12)

## निजी अस्पताल में कोरोना निगेटिव हो चुके थे, कुछ दिन पहले आंखों में सूजन आने पर इंदौर में भर्ती

# कोरोना महामारी के बीच रतलाम के एक मरीज में मिला ब्लैक फंगस, इंदौर में चल रहा उपचार

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

16-5-21

**रतलाम. कोरोना संक्रमण से ठीक होने के बाद रतलाम के एक मरीज में ब्लैक फंगस की पुष्टि हुई है। मरीज का उपचार इंदौर के चोइथराम अस्पताल में चल रहा है। रतलाम के मरीज में बीमारी सामने आने के बाद अब तक स्वास्थ्य विभाग को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि अब तक इस तरह का कोई मामला उनके सामने नहीं आया है।**

पत्रिका
16-5-2021

वहीं दूसरी ओर रतलाम में यह बीमारी टीआईटी रोड निवासी सेवानिवृत्त बैंक कर्मी के पुत्र धर्मपाल चौहान को होना बताई जा रही है। धर्मपाल को कोरोना हो गया था, जिसका इलाज रतलाम के निजी अस्पताल में हुआ था। यहां इनका कोरोना तो ठीक हो गया लेकिन बाद में चेहरे पर सूजन आने पर इन्होंने डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने ब्लैक फंगस की शंका व्यक्त करते हुए इंदौर जाने की सलाह दी थी। रतलाम में उन्होंने पीएनएस सिटी स्कैन कराया तो इसकी पुष्टि हो गई।

### दो दिन पहले गए इंदौर

पीड़ित उपचार के लिए दो दिन पूर्व इंदौर के मुंबई हॉस्पिटल पहुंचा और डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने ब्लैक फंगस की पुष्टि की और कहा कि हमारे यहां सिर्फ गंभीर मरीजों को भर्ती कर रहे हैं, आपका केस प्राथमिक स्टेज वाला है, आप चोइथराम में भर्ती हो जाए। इसके बाद से मरीज को चोइथराम अस्पताल में शुक्रवार को ही भर्ती किया गया।

### इंजेक्शन के लिए परिजन परेशान

ब्लैक फंगस के इलाज में लगने वाले इंजेक्शन की जरूरत होने पर मरीज के परिजन उसके लिए भी परेशान हो रहे हैं। पत्नी सीमा चौहान ने बताया कि इंजेक्शन के लिए, रतलाम के साथ ही इंदौर, भोपाल सहित कई जगह पर संपर्क किया लेकिन वह नहीं मिल पा रहे हैं। इंजेक्शन मिलने पर उपचार बेहतर हो सकेगा, फिलहाल यह नहीं मिलने से हम सभी परेशान हैं।

### नहीं है जानकारी

मेडिकल कॉलेज में उपचार कराने के बाद किसी मरीज को ब्लैक फंगस होने की जानकारी फिलहाल हमारे पास नहीं है। मरीज सीधे इंदौर जाकर भर्ती हुआ होगा इस कारण से यहां जानकारी नहीं आई होगी। - **डॉ जितेंद्र गुप्ता,** डीन, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

## ब्लैक फंगल की आशंका को लेकर मेडिकल कॉलेज में बनेगा 20 बेड का विशेष ब्लॉक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. ब्लैक फंगस के बढ़ते खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का ब्लॉक अभी से इस उपचार के लिए बना दें, ताकि किसी मरीज में ऐसे लक्षण पाए जाते ही उनके तुरंत इलाज की व्यवस्था की जा सके। ईएनटी स्पेशलिस्ट को इस वार्ड प्रभारी भी बना दें। यह निर्देश प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचकर दिए। उन्होने कहा कि कॉलेज में मेन पावर बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर सभी प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर भी यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मंत्री डॉ. यादव ने मेडिकल कॉलेज आते ही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले प्रत्येक मरीज को समुचित उपचार मिले, उसकी पूरी देखभाल हो तथा मरीज के परिजनों को भी संतोषप्रद जवाब मिले। इससे हमारी व्यवस्था भी बेहतर होगी तथा मरीजों तथा उनके परिजनों को मनोवैज्ञानिक रूप से भी सहारा मिलेगा। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने कॉलेज में कार्यरत एवं स्वीकृत स्टाफ की जानकारी दी। उन्होंने मरीजों के लिए निर्धारित बेड प्लान, डाइट प्लान संबंधी जानकारी दी।

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मरीजों को हल्दी का दूध, फल भी निरंतर दिया जाए। यदि मरीजों को भोजन के साथ बदल-बदल कर पौष्टिक विशिष्ट व्यंजन भी दिए जाने आवश्यक हो तो वह भी दिए जा सकते हैं ताकि उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से भी ऐसा महसूस न हो कि वे मरीज हैं। सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने इस दौरान सिविल हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन अगले कुछ दिनों में प्रारंभ हो सकती है। सिविल हॉस्पिटल में 83 बेड हैं जिनमें 45 एक्टिव हैं। यहां वेंटीलेटर भी है तथा इसे संचालित करने के लिए ट्रेन स्टाफ भी है। उन्होंने हॉस्पिटल में आईसीयू बेड एवं अन्य उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।

### यह रहे मौजूद

बैठक के दौरान जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, मनोहर पोरवाल, एडीएम जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन सहित संबंधित मौजूद थे।

## सीएम बोले समन्वित प्रयासों से पॉजिटिव दर कम कराएं

### मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से रतलाम की स्थिति की समीक्षा की

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति की वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा की। सीएम ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का पूर्ण पालन कराते हुए सभी के संबंधित प्रयास एवं बेहतर उपचार व्यवस्था से रतलाम में पॉजिटिव दर कम हो सकती है, इसके लिए सभी प्रयास करें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रयास कर संक्रमण की दर को कम किया जाए।

इस दौरान रतलाम में संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि रतलाम में मेडिकल कॉलेज तथा अन्य संस्थाओं में ऑक्सीजन बेड की संख्या को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 100 ऑक्सीजन बेड जीएमसी में तथा 225 के लगभग बेड अन्य सेंटर पर बढ़ाने के लिए प्रयास जारी है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की कमी है, इस कमी को शीघ्र दूर करने की आवश्यकता है। सिटी स्कैन मशीन प्रारंभ होने से मरीजों को काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या में भी आवश्यकता अनुसार वृद्धि करने को कहा।

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने बताया कि जावरा में 90 लाख रुपए की राशि जनसहयोग से एकत्रित की गई हैं। ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना भी की जाएगी तथा 60 ऑक्सीजन बेड बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने पिपलोदा, बाजना, नामली एवं अन्य क्षेत्रों में दस-दस कंसंट्रेटर प्रदान करने का आग्रह किया। रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने बेसहारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई सहायता योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अंचल में स्थिति में सुधार हो रहा है और शीघ्र ही इन क्षेत्रों में संक्रमण दर कम होगी। एसीएस मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि रतलाम जिले को 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए जा रहे हैं।

# मेडिकल कालेज में 44 मरीज भर्ती, रिक्त बेड 57

**रतलाम।** शासकीय मेडिकल कालेज में शनिवार को 44 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से 85 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 493 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 339 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 57 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 6376, डिस्ट्रीब्यूटेड 1293, कन्ज्यूम्ड 4502, करंट स्टाक 581 है।



कोरोना का टीका लगवाने की खुशी... रतलाम के लायंस हाल में टीकाकरण करवाने के बाद प्रसन्न मुद्रा में युवा। • नईदुनिया 16-5

**शहर में 64 कंटेनमेंट जोन बनाए**

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 64 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं।

**फायर लारी व ट्रैक्टर से कर रहे सैनिटाइज**

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, महू रोड फव्वारा चौक, गुलमोहर कालोनी, महू रोड, कोविड सहायता केंद्र, पीएनटी कालोनी, धानमंडी, ब्राह्मणों का वास, टाटा नगर गली नंबर-चार व सात सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

**कंटेनमेंट क्षेत्रों में भी सैनिटाइजेशन**

कंटेनमेंट क्षेत्र आदर्श नगर, अलकापुरी अंबे माता मंदिर के समीप, त्रिमूर्ति नगर, कस्तूरबा नगर, सुराणा ड्रीम्स होम्स, देवरादेवनारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरेनगर, मोहन नगर, दीपक नगर, महेश नगर, सनसिटी, रत्नपुरी, राजबाग, राजीव नगर, कस्तूरबा नगर, पीएनटी कालोनी, सुयोग परिसर, अंबिका नगर, राजीव नगर, जवाहर नगर सी कालोनी में सैनिटाइजेशन किया गया।

**66 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित**

ई-दक्ष केंद्र से शनिवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 77 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग



रतलाम में फायर लारी से सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी।

में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 66 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। पांच मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। दो मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। छह मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया तथा दो मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। इसके अलावा 99 मेडिसीन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**आज कोविड टीकाकरण नहीं किया जाएगा**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रविवार 16 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण जिले में कहीं भी कोविड संबंधी टीकाकरण नहीं किया जाएगा। आगामी सत्र सोमवार को आयोजित किए जाएंगे।

नई दुनिया
16-5-2021

# 6 क्विंटल फल व सब्जी जब्त, मेडिकल कॉलेज व कालिकामाता अन्नक्षेत्र भेजा

## नगर निगम और पुलिस ने अभियान चलाया



सज्जन मिल रोड फोरलेन पर सब्जी जब्त करता अमला।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

16-5-21

कोरोना कर्फ्यू में सब्जी और फल की फेरी लगाकर बेचने पर पाबंदी लगा रखी है। बावजूद शहर में सब्जी और फल विक्रेता बेच रहे हैं। शनिवार को नगर निगम और पुलिस के अमले ने अभियान चलाकर सब्जी और फल बेच रहे विक्रेताओं की सब्जी और फल जब्त की। 6 क्विंटल से ज्यादा सब्जी और फल जब्ती में लिए।

जब्ती के बाद इन्हें मेडिकल कॉलेज और कालिकामाता मंदिर अन्नक्षेत्र पहुंचाया ताकि इनका उपयोग हो सके। मेडिकल कॉलेज में 5 क्विंटल फल व 1 क्विंटल सब्जी उपचाररत मरीजों के लिए पहुंचाई गई। वहीं श्री कालिका माता अन्न क्षेत्र में टमाटर 10 किलो, भिंडी 10 किलो, बैंगन 5 किलो, आलू 5 किलो, तरबूज, आम, चुकंदर 3 किलो निराश्रितों के भोजन के लिए भिजवाई गई। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने चारों थाना क्षेत्र में अभियान चलाया और फल और सब्जी बेच रहे विक्रेताओं से सब्जी और फल जब्ती में लिए।

16-5-2021